# राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

संoसंo–3/बेo राज–58/2017– 1220

प्रेषक,

**गिरिवर दयाल सिंह, भाoप्रoसेo,**
सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

सेवा में,

**Aryan Imaging and Business Consultants Private Limited**
**501,Sanskruti Mantra, 2056 Sadashiv Peth,**
**Vijayanagar Colony, Behind Hotel Girija,**
**Off Tilak Road,**
**Pune- 411030 (Maharashtra)**
**email- preyas@aibc.co.in**
**Mr. Preyas Annachhatre**
**Mob- 9822032923**

**Destiny IT Services PVT. LTD.**
**206, 2nd Floor, Ashiyana Tower, Exhibition Road,**
**Patna- 800001**
**email- destinyitservices,pvt.ltd@gmail.com**
**Mob- 7070090558, 612-2500104**

**Nimbus Systems Private Limited**
**P33, Kasba Industrial, Estate, Phase III, Anandapur,**
**Kolkata - 700107 (Westbengal)**
**email - manish@nimbussystems.com**
**Mob- 9831028915**

**Sai Educare Private Limited**
**RV Tower, A-18, 2nd Floor, Prince Road, Nityanand**
**Nagar- A**
**Jaipur, Rajasthan - 302021**
**email- tenders@sai-educare.com**
**Mob- 8306990061**

पटना, दिनांक :– 29-04-2025

**विषय :–** बेतिया राज कार्यालय के स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेशन कार्य तथा अभिलेख प्रबंधन कार्य हेतु Letter of Intent (आशय पत्र) प्रेषण के संबंध में।

प्रसंग :– ई–निविदा संख्या– BOR/BR/RFP/05/2025

महाशय,

बेतिया राज कार्यालय के स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेभान कार्य तथा अभिलेख प्रबंधन कार्य हेतु सेवा प्रदाता एजेंसी चयन हेतु प्रकाशित ई–निविदा संख्या– BOR/BR/RFP/05/2025 से संबंधित वित्तीय निविदा (Commercial Bid) में आपके एजेंसी/प्रतिष्ठान/संस्थान द्वारा प्रतिवेदित दर, common L-1 पाया गया। निविदा से संबंधित RFP के आलोक में निविदा समिति के माध्यम

से Negotiations की कार्रवाई दिनांक 29.04.2025 को की गई तथा अंतिम रूप से निम्न प्रकार **L1** दर निर्धारित की गई :–

| BOARD OF REVENUE FOR RFP: BOR/BR/RFP/05/2025 | | |
|---|---|---|
| Name of Work: Scanning & Digitization of Bettiah Raj Records | | |
| | | |
| **Description of Services** | **Document Size** | **Req. Rate (Rupees)** |
| Per page scanning including manpower, scanner, computer and indexing of the file and folders on 600 dpi. | Legal | 1.7 |
| | A4 | 1.7 |
| | A3 | 2.9 |
| | A2 | 5 |
| | A1 | 7 |
| Per page ( Custom Size excluding paper size mentioned above) scanning including manpower, scanner, computer and indexing of the file and folders on 600 dpi. | | 3 |
| Generation of Metadata for search & Retrieval of the Digitized Documents in XL format and having multiple indexing field. | | 2 |

सफल निविदाकर्ता एजेंसी/फर्म/संस्था के रूप में आपके स्तर से निम्नलिखित कार्रवाई अपेक्षित है :–

1. प्राप्ति एवं स्वीकृति के रूप में इस Letter of Intent पत्र की छायाप्रति हस्ताक्षरित कर पत्र प्राप्ति के 03 दिनों के अन्दर लौटाना सुनिश्चित करेंगे।
2. Letter of Intent के नियम एवं शर्तों की लिखित स्वीकृति पत्र निर्गत के 07 दिनों के अन्दर समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। 07 दिनों के अन्दर Letter of Intent के संबंध में लिखित स्वीकृति प्राप्त नहीं होने पर Letter of Intent को रद्द करने का पर्याप्त आधार होगा। ऐसी स्थिति में राजस्व पर्षद दूसरे निविदाकर्ता को Letter of Intent निर्गत कर सकता है अथवा पुनः नया प्रस्ताव ला सकता है।
3. Letter of Intent के निर्गत होने की तिथि से 07 दिनों के अन्दर एकरारनामा की कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे (RFP में वर्णित शर्तो के अनुरूप)।
4. एकरारनामा हस्ताक्षर की तिथि तक काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी नवीन हलफनामा देना अनिवार्य होगा।

5. एजेंसी को कर के रूप में विद्यमान दर पर GST की राशि देय होगा, जिसमें से नियमानुसार TDS की कटौती की जायेगी।

6. एजेंसी को किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत एकरारनामा के मूल्य के 10 प्रतिशत मूल्य के बराबर Performance Bank Guarantee (PBG) समर्पित करना होगा। Performance Bank Guarantee (PBG) समर्पित करने का कार्य एकरारनामा हस्ताक्षरित होने के 07 दिनों के अन्दर निश्चित रूप से किया जाना होगा। Performance Bank Guarantee (PBG) की वैद्यता पूरे एकरारनामा अवधि के अतिरिक्त 6 माह का होना अनिवार्य है।

7. Performance Bank Guarantee प्राप्त होने की स्थिति में निविदा प्रक्रिया में जमा की गई Bid Security/EMD वापस कर दिया जायेगा। Performance Bank Guarantee के सापेक्ष सभी प्रकार के अनुसंगिक देय राशि का वहन एजेंसी के द्वारा किया जायेगा।

8. Project पूर्ण न होने की स्थिति में Performance Bank Guarantee को संबंधित अवधि के लिये बढ़ाना अनिवार्य होगा। Project को सफलतापूर्वक पूर्ण होने की स्थिति में ही Performance Bank Guarantee को एकरारनामा के अधीन वापस किया जायेगा। यदि किसी भी परिस्थिति में एजेंसी द्वारा एकरारनामा के शर्तों को पूर्ण नहीं किया जाता है, तो Performance Bank Guarantee को जब्त कर लिया जायेगा।

9. एजेंसी के किसी भी ऐसे कृत्य जिसके कारण राजस्व पर्षद, बिहार/बेतिया राज, बेतिया को किसी भी प्रकार का नुकसान होता है अथवा एकरारनामा के शर्तो का किसी भी प्रकार का उल्लंधन होता है तो वैसी स्थिति में राजस्व पर्षद लिखित रूप से क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है तथा उस कृत्य के लिए एकरारनामा के शर्तों के अधीन 15 दिनों के अन्दर क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकारी होगा।

10. एजेंसी को RFP में वर्णित Scope of work के अनुसार निर्धारित समयसीमा के अन्दर कार्य पूर्ण करने के संदर्भ में सभी आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करना होगा।

11. एजेंसी को सभी भुगतान RFP में वर्णित शर्तो के अधीन एकरारनामा में उल्लेखित अनुसूची के अनुसार किया जायेगा।

12. निविदा में Financial Bid Qualified उपरोक्त चार (04) फार्म/एजेन्सी यथा Aryan Imaging and Business Consultants Private Limited, Destiny IT Services PVT. LTD., Nimbus Systems Private Limited एवं Sai Educare Private Limited. को से अनुरोध है किं यदि आप निविदा में उपरोक्त निर्धारित **L1** दर पर कार्य करने में सक्षम हैं तो सहमति पत्र 02 दिनों के अंदर राजस्व पर्षद में देना सुनिश्चित करेंगे।

हम इस योजना/परियोजना को सफल बनाने के लिए आपके साथ कार्य करने की कामना करते हैं।

विश्वासभाजन

29/4/25

गिरिवर दयाल सिंह

सचिव,

राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 3/बे0 राज–58/2017– 1220 पटना, दिनांक– 29-04-2025

प्रतिलिपि:– उपरोक्त सभी फर्म/एजेंसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2. माननीय अध्यक्ष सह सदस्य के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव राजस्व पर्षद/उप सचिव, राजस्व पर्षद /व्यवस्थापक, बेतिया राज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/4/25

**सचिव,**
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।